गुरु घासीदास विश्वविद्यालय
(नैक द्वारा "A++" ग्रेड प्राप्त केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
कोनी, बिलासपुर–495009 (छ.ग.)
दूरभाष : 07752–260209, फैक्स : 07752–260154
ई–मेल : ggv.registrar@gmail.com, वेबसाईट : www.ggu.ac.in

Guru Ghasidas Vishwavidyalaya
(A Central University with "A++" Grade Accredited by NAAC)
Koni, Bilaspur-495009 (C.G.)
Phone : 07752-260209, Fax : 07752-260154
E-Mail : ggv.registrar@gmail.com, Website : www.ggu.ac.in


क्रमांक 385/बै.प्र./स्था.स./2025 बिलासपुर, दिनांक : 06.03.2025

प्रति,

**समस्त सम्माननीय सदस्यगण**
**All Hon'ble Members**
विद्यापरिषद् की स्थायी समिति,
Standing Committee of Academic Council
गुरू घासीदास विश्वविद्यालय,
Guru Ghasidas Vishwavidyalaya
बिलासपुर (छ.ग.)
Bilaspur (C.G.)

**विषय :–** विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 202वीं बैठक दिनांक 06.03.2025 के कार्यवृत्त का प्रेषण।

**Subject :-** Dispatch of minutes of 202nd meeting of Standing Committee of Academic Council dated 06-03-2025.

———0———

**महोदय / महोदया,**

**Sir/Madam**

विषयान्तर्गत, दिनांक 06.03.2025 को आयोजित विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 202वीं बैठक का कार्यवृत्त अवलोकनार्थ एवं अभिलेख हेतु संलग्न प्रेषित है।

Under the subject, the minutes of the 202nd meeting of the Standing Committee of the Academic Council held on 06-03-2025 is enclosed for perusal and record.

आदेशानुसार/By order,

कुलसचिव (कार्यवाहक)/Registrar (Acting)

पृ0 क्रमांक 386/बै.प्र./स्था.स./2025 बिलासपुर, दिनांक : 06.03.2025

**प्रतिलिपि/Copy to :–**

01. कुलपति के सचिव की ओर माननीय कुलपति महोदय के सूचनार्थ प्रेषित।
The Secretary to the VC for the information of the HVC.
02. कुलसचिव के निज सहायक की ओर कुलसचिव जी के सूचनार्थ प्रेषित।
The PA to the Registrar for inf ormation of the Registrar.
03. निदेशक, आईक्यूएसी / सहायक कुलसचिव–अकादमिक / प्रशासन / विकास / वित्त प्रभारी विश्वविद्यालय वेब पटल की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
Director, IQAC/Assistant Registrar - Academic/Administration/Development/Finance/Incharge University website for information and necessary action.
04. कार्यालय प्रति।
Office Copy.

कुलसचिव (कार्यवाहक)/Registrar (Acting)

# गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

**विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 202वीं बैठक दिनांक 06.03.2025 का कार्यविवरण**

विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 202वीं बैठक दिनांक 06.03.2025 को दोपहर 12.00 बजे प्रशासनिक भवन के सभा कक्ष में संपन्न हुई। बैठक के प्रारम्भ में कुलसचिव ने सभी सदस्यों का स्वागत किया तत्पश्चात् कुलपति महोदय की अनुमति से बैठक प्रारम्भ हुई। बैठक में उपस्थिति निम्नानुसार रही :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 आलोक कुमार चक्रवाल, कुलपति | अध्यक्ष |
| 2. | प्रो0 एम.के. सिंह, प्रभारी अधिष्ठाता–इंजी.एण्ड टेक्नालॉजी विद्यापीठ | सदस्य |
| 3. | प्रो0 सीमा राय | सदस्य |
| 4. | प्रो0 राजेन्द्र मेहता | सदस्य |
| 5. | प्रो0 सी.एस. वझलवार | सदस्य |
| 6. | प्रो0 ब्रजेश तिवारी | सदस्य |
| 7. | प्रो0 एस.सी. तिवारी | सदस्य |
| 8. | प्रो0 एच.एस. तिवारी | सदस्य |
| 9. | प्रो0 रामकृष्ण प्रधान | सदस्य |
| 10. | प्रो0 पी.पी. मूर्ति | सदस्य |
| 11. | प्रो0 सुधांशु रंजन मोहापात्रा | सदस्य |
| 12. | प्रो0 बी.डी. मिश्रा | सदस्य |
| 13. | प्रो0 संतोष कुमार प्रजाप्रति | सदस्य |
| 14. | डॉ0 एम.एस. धपोला | सदस्य |
| 15. | डॉ0 सुबल दास | सदस्य |
| 16. | डॉ0 गीता मिश्रा | सदस्य |
| 17. | प्रो0 भारती अहिरवार, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी–विकास | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 18. | प्रो0 अमित कुमार सक्सेना, डायरेक्टर–आईक्यूएसी | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 19. | डॉ0 सम्पूर्णानंद झा, परीक्षा नियंत्रक | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 20. | प्रो0 ए.एस. रणदिवे, कुलसचिव (कार्यवाहक) | सचिव |

निम्नानुसार सदस्य बैठक में उपस्थित नहीं हो सके :–

1. प्रो0 शैलेन्द्र कुमार, अधिष्ठाता–छात्र कल्याण

कुलपति महोदय ने बैठक के प्रारम्भ में प्रेरणादायी उद्बोधन दिया एवं तत्पश्चात विभिन्न विषयों पर चर्चा उपरांत निम्नानुसार निर्णय लिये गये :–

**विषय क्र.01** **विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 201वीं बैठक दिनांक 26.02.2025 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि पर विचार करना।**

निर्णय :– निर्णय लिया गया कि विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 201वीं बैठक दिनांक 26.02.2025 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि की जाय।

**विषय क्र. 02** **विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 201वीं बैठक दिनांक 26.02.2025 के पालन प्रतिवेदन का अवलोकन करना।**

निर्णय :– विद्यापरिषद् की स्थायी समिति ने स्थायी समिति की 201वीं बैठक दिनांक 26.02.2025 के पालन प्रतिवेदन की सूचना ग्रहण की एवं कृत कार्यवाही की पुष्टि की।

Ranadive
06-03-2025

06/04/2025

**विषय क्र. 03.** **मेसर्स मेकॉन लिमिटेड के नियंत्रणाधीन निर्मित कराये जाने वाले नवीन प्रशासनिक भवन (G+4) जो कि HEFA द्वारा स्वीकृत 08 भवन निर्माण परियोजना (जिसमें भवन विस्तार सम्मिलित है) में बेसमेंट फ्लोर का निर्माण (वाहन पार्किंग हेतु) कुल स्वीकृत राशि रूपये 234.04 करोड़ की बचत राशि (लगभग रूपये 14.15 करोड़) से किये जाने हेतु मेसर्स मेकॉन के प्रस्ताव पर विचार।**

निर्णय :— विद्यापरिषद् की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि मेसर्स मेकॉन लिमिटेड के नियंत्रणाधीन निर्मित कराये जाने वाले 08 भवन निर्माण परियोजनाओं (जिसमें भवन विस्तार सम्मिलित है) हेतु HEFA द्वारा कुल स्वीकृत राशि रूपये 234.04 करोड़ की निविदा पश्चात् बचत राशि रूपये लगभग 14.15 करोड़ में से नवीन प्रशासनिक भवन (G+4) में बेसमेंट फ्लोर को सम्मिलित कर निर्माण कार्य कराये जाने हेतु मेसर्स मेकॉन के प्रस्ताव का अनुमोदन किया जाय।

**विषय क्र. 04.** **शिक्षा विद्यापीठ के शिक्षा विभाग में प्रो0 संजीव सोनवाने, कुलपति, यशवंत राव चव्हाण, महाराष्ट्र मुक्त विश्वविद्यालय, नासिक (महाराष्ट्र) को Adjunct faculty के रूप में नियुक्ति पर विचार।**

निर्णय :— विद्यापरिषद् की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि शिक्षा विद्यापीठ के शिक्षा विभाग में प्रो0 संजीव सोनवाने, कुलपति, यशवंत राव चव्हाण, महाराष्ट्र मुक्त विश्वविद्यालय, नासिक (महाराष्ट्र) को Adjunct faculty के रूप में नियुक्ति प्रदान की जाय।

## अध्यक्ष की अनुमति से अन्य प्रकरण

**अ.अ.वि.क्र .01** विश्वविद्यालय परिसर में विभिन्न स्थलों में विद्यमान गड्ढों में राखड़ (NTPC Fly Ash) से भराव कर समतलीकरण किए जाने संबंधी प्राप्त प्रस्ताव पर विचार किया गया तथा स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि प्रस्तुत प्रस्ताव का अनुमोदन किया जाय।

**अ.अ.वि.क्र .02** विद्यापरिषद् की स्थायी समिति के समक्ष वाणिज्य विभाग के अध्ययन मण्डल की बैठक दिनांक 17.12.2024 के कार्यवृत्त एवं अनुशंसित पाठ्यक्रमों को प्रस्तुत किया गया। प्रस्तुत पाठ्यक्रम एवं प्रस्ताव पर विचारोपरान्त स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि प्रस्तावित पाठ्यक्रम एवं अंक योजना का अनुमोदन आंशिक संशोधन के साथ किया जाय।

स्थायी समिति ने यह भी निर्णय लिया कि संबंधित विभाग के विभागाध्यक्ष यह सुनिश्चित करेंगे कि अनुशंसित पाठ्यक्रम एवं अंक योजना प्रभावी अध्यादेश के प्रावधानों के अधीन हो।

**अ.अ.वि.क्र .03** विद्यापरिषद् की स्थायी समिति के समक्ष प्रबंध अध्ययन विभाग के अध्ययन मण्डल की बैठक दिनांक 27.01.2025 के कार्यवृत्त एवं अनुशंसित पाठ्यक्रमों को प्रस्तुत किया गया। प्रस्तुत पाठ्यक्रम एवं प्रस्ताव पर विचारोपरान्त स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि प्रस्तावित पाठ्यक्रम एवं अंक योजना का अनुमोदन आंशिक संशोधन के साथ किया जाय।

स्थायी समिति ने यह भी निर्णय लिया कि संबंधित विभाग के विभागाध्यक्ष यह सुनिश्चित करेंगे कि अनुशंसित पाठ्यक्रम एवं अंक योजना प्रभावी अध्यादेश के प्रावधानों के अधीन हो।

Ranadive
06-03-2025

06/03/2025

**अ.अ.वि.क्र .04** विद्यापरिषद् की स्थायी समिति के समक्ष अर्थशास्त्र विभाग के अध्ययन मण्डल की बैठक दिनांक 14.01.2025 के कार्यवृत्त एवं अनुशंसित पाठ्यक्रमों को प्रस्तुत किया गया। प्रस्तुत पाठ्यक्रम एवं प्रस्ताव पर विचारोपरान्त स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि प्रस्तावित पाठ्यक्रम एवं अंक योजना का अनुमोदन आंशिक संशोधन के साथ किया जाय।

स्थायी समिति ने यह भी निर्णय लिया कि संबंधित विभाग के विभागाध्यक्ष यह सुनिश्चित करेंगे कि अनुशंसित पाठ्यक्रम एवं अंक योजना प्रभावी अध्यादेश के प्रावधानों के अधीन हो।

**अ.अ.वि.क्र .05** विद्यापरिषद् की स्थायी समिति के समक्ष वनस्पति विज्ञान विभाग से प्राप्त प्रस्ताव जिस पर यह अंकित किया गया था कि VAC–पर्यावरण अध्ययन पाठ्यक्रम के अध्यापन का कार्य वनस्पति विज्ञान विभाग करता है, उक्त विषय के परीक्षा/कोर्स कोड एवं पाठ्यक्रम का निर्धारण वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा ही किया जाय।

स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि प्रस्तुत प्रस्ताव का अनुमोदन किया जाय।

**अ.अ.वि.क्र .06** विद्यापरिषद् की स्थायी समिति के समक्ष प्रो0 राजेन्द्र मेहता, अधिष्ठाता अंतर विषयक शिक्षा और अनुसंधान विद्यापीठ द्वारा भारतीय ज्ञान परम्परा केन्द्र स्थापित किये जाने संबंध में प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया, जिसका अनुमोदन प्रो0 सी.एस. वझलवार, अधिष्ठाता, शिक्षा विद्यापीठ द्वारा किया गया। प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा की गई। चर्चा में अंकित किया गया कि विश्वविद्यालय में अध्ययनरत् छात्र/छात्राओं को भारतीय ज्ञान परम्परा के संबंध में जागरूक करने के दृष्टिकोण से यह एक सार्थक प्रयास होगा।

स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि उक्त केन्द्र की स्थापना हेतु प्रारंभिक कार्यवाही विकास शाखा द्वारा की जाय।

स्थायी समिति ने यह भी निर्णय लिया कि प्रस्ताव प्रारूपण हेतु समिति गठित की जाय तथा समिति के सदस्य नामित किये जाने हेतु कुलपति महोदय अधिकृत रहेंगे।

माननीय अध्यक्ष महोदय एवं उपस्थित सदस्यों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात् बैठक संपन्न हुई।

06-03-2025 | 06/03/2025
---|---
कुलसचिव (कार्यवाहक)/सचिव | कुलपति/अध्यक्ष